यह आपको समझने में मदद करने के लिए एक संदर्भ दस्तावेज़ है ।
औपचारिक दस्तावेज सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा प्रकाशित एक जापानीज दस्तावेज है ।

⑧

क्षयरोग तो निदान किया गया तो • • • (अनुच्छेद ३७ दफा २)

★ क्या हैं क्षयरोग

क्षयरोग एक ऐसी बीमारी है जो एक प्रकार के टयूबरक्युलोसिस बैक्टीरिया के कारण होती हैं । यह बैक्टीरिया सांस द्वारा शरीर में प्रवेश करके, मुख्य रूप से फेफड़ों में सूजन का कारण बनती हैं । अगर यह बीमारी हल्की है, बलगम मै क्षयरोग के बैक्टीरियों दिखाई नहीं देता है तो दूसरों को संक्रमित करने का खतरा नहीं रहता ।

यदि आपकी बलगम मै क्षयरोग के बैक्टीरिया है तो खांसने या छींकने के समय क्षयरोग के बैक्टीरिया हवा में फैल जाती हैं । आपके आसपास के स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में सांस लेते समय प्रवेश करके रोग पैदा करते हैं । (क्षयरोग के बैक्टीरिया से संक्रमित होते हि क्षयरोग कि बीमार नहीं होते हैं।)

क्षयरोग एक बीमारी है जिसे ठीक किया जा सकता हैं । यदि आप अपने डाक्टर के निर्देशों के अनुसार दवाओं को ठीक से (आमतौर पर ६ महीने या उससे अधिक) ले के क्षयरोग से मुक्त हो सकते हैं ।

★ क्षय रोगी होने की सूचित करना

क्षयरोग एक संक्रामक रोग होने के कारण, निदान करने वाले चिकित्सक को कानून के तहत रोगी के पते, नाम, जन्म तिथि, लिंग, व्यवसाय आदि सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र को सूचित करना जरुरी है ।

चिकित्सक से सूचना प्राप्त करने वाला स्वास्थ्य केंद्र, चिकित्सा संस्थानों से और आप से या आपके परिवार के सदस्यके साथ साक्षात्कार के माध्यम से लक्षण और रहन सहन की स्थिति के बारे में जानकारी लेगें ।

★ अस्पताल में भर्ती की सिफारिशें तो मरीजसे अधिक संपर्क रहने वालौका स्वास्थ्य परिक्षण

साक्षात्कार के परिणामस्वरूप यदि सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र यह निर्धारित करता है कि रोगी से एक साथ रहने वाले अन्य व्यक्ति को क्षय रोग फैल सकता है तो क्षयरोगी के लिए भर्ती व्यवस्था किया गया अस्पतालमे भर्ती होने के लिए "संक्रामक रोग कानून के तहत अस्पताल में भर्ती सिफारिश" जारी किया जाएगा ।

साथमे, मरीजके परिवार या दैनिक जीवन में संपर्क मे रहने वाले जिन्हें क्षयरोग से संक्रमित होनेका खतरा है, यदि आवश्यक हो तो सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र उन लोगोका स्वास्थ्य परिक्षण की सुचना जारी करते हैं ।

(नोट) यदि आप अन्य बीमारियों के कारण अस्पताल में भर्ती हैं और संक्रमण का कोई खतरा नहीं है, तो "अस्पताल में भर्ती सिफारिश" नहीं की जाएगी ।

★ चिकित्सा खर्च के लिए सार्वजनिक (सरकारी) व्यय प्रणाली

क्षयरोग के उपचार करना होगा तो, चिकित्सा खर्च का एक हिस्सा सार्वजनिक खर्च से वहन किया जाएगा (अगले पन्ना को देखे)।